माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 327 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांकः 26.08.2023

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय की सम–सेमेस्टर की वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं का समय प्रथम पाली प्रातः 10:00 से 12:00 द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 से 04:00 निर्धारित है। विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित परीक्षा नियन्त्रण कक्ष की निगरानी से आज दिनांक 26.08.2023 को यह संज्ञान में आया कि कतिपय परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा कक्ष से पूर्वाह्न 10:45 पर ही निकलते देखे गये, जो नितान्त आपतिजनक तथा परीक्षा के शुचितापूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने की शासन की मंशा के विरूद्ध है। परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य एवं पर्यवेक्षक से अपेक्षित है कि परीक्षा अवधि में किसी भी दशा में परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर आने की अनुमति प्रदान न करें। यदि किसी आकस्मिकतावश परीक्षार्थी का परीक्षा अवधि में ही परीक्षा कक्ष से बाहर जाना अपरिहार्य हो तो ऐसी दशा में परीक्षार्थी के प्रश्न पत्र और ओ0एम0आर0 शीट को कक्ष निरीक्षक द्वारा अनिवार्यतः जमा करा लिये जाने के उपरान्त ही परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति प्रदान की जाये।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देश का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। यदि किसी भी दशा में विश्वविद्यालय के निर्देश का विचलन किया जाता है तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य एवं पर्यवेक्षक उत्तरदायी होगें।

(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. उपकुलसचिव।
4. प्रभारी परीक्षा / प्रभारी गोपनीय।
5. प्राचार्या / प्राचार्य एवं पर्यवेक्षक, समस्त परीक्षा केन्द्र।
6. अधिकृत एजेन्सी।

(कमल कृष्ण)
उपकुलसचिव